उचेहरा में 7 को मनाई जायेगी सरदार पटेल जयंती

नवभारत न्यूज

सतना 3 नवंबर, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती अवसर पर आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च की तैयारी को लेकर रेस्ट हाउस उचेहरा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की मुख्य अतिथि भा.ज.पा. की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. श्रीमती नंदिता पाठक रहीं, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने की। बैठक के पश्चात् कार्यक्रम को लेकर एक प्रशासनिक समन्वय बैठक का भी आयोजन किया गया।

आयोजित तैयारी बैठक में डॉ. नंदिता पाठक ने कहा कि विधान सभा नागौद की पदयात्रा ऐसी होनी चाहिए कि लोग सालों साल तक इसकी मिसाल देते रहें । अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पार्टी के जिला अध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बताया की राष्ट्रीय नेतृत्व से मिले निर्देश पर आयोजित हो रही पदयात्रा 07 नवम्बर, शुक्रवार को भरहुत मोड़ गोबराव खुर्द से प्रारम्भ होकर कुन्दहरी फाटक, अकहा, छोटी पिपटी, बडी पिपटी, रेलवे फाटक, बऊली तिराहा, बाई पास तिराहा, बाजार होते हुए उचेहरा बस स्टैण्ड में एक बड़ी सभा के रूप में सम्पन्न होगी। जिला अध्यक्ष ने बैठक में मौजूद समस्त लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने साथ 20-20 ऐसे लोगों को साथ लायें जो सरदार पटेल के महान कृत्य को मानते है। जिला पंचायत सदस्य व पद?यात्रा टोली के सह-संयोजक ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू ने बताया की कार्यक्रम प्रारम्भ स्थल भरहुत मोड़ गोबराव खुर्द में क्षेत्र से समस्त जन एकत्र होकर वहां पर आयोजित जयंती समारोह में शामिल होंगें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतना सांसद गणेश सिंह होगें और 8 किलोमीटर लम्बी इस पदयात्रा में सांसद गणेश सिंह के साथ सैकडों लोग शामिल होकर उंचेहरा पहुंचेगे और उचेहरा बस स्टैंड में पदयात्रा सभा के रूप में परिवर्तित होगी। पदयात्रा के संयोजक शुभम् तिवारी ने बैठक के दौरान बताया कि पदयात्रा को लेकर सम्पूर्ण जिले में उत्साह का माहौल है। सिर्फ आवश्यकता है यात्रा में हर वर्ग और विचार धारा वाला साथी हिस्सा ले। इसके लिए टीम भावना के साथ लगातार संवाद कर यात्रा को सफल बनाने सभी लोग नित नये प्रयास करें। अतिथियों के लिए स्वागत उद्बोधन उचेहरा के मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंह गुड्डा ने दिया, जबकि संचालन पार्टी के पदाधिकारी गजेन्द्र सिंह लोधी ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार,पार्षद सोमचन्द ताम्रकार, उचेहरा मण्डल प्रभारी सुनील मिश्रा, प्रदेश महिला मोर्चा की सदस्य श्रीमती मनीषा सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष निरंजन प्रजापति, पदयात्रा के सह-संयोजक यश यादव, कृष्ण गोपाल ताम्रकार, अशोक द्विवेदी, अतुल सिंह परिहार, जय नारायण सिंह, हृदयेश पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह वीरपुर,मकसूदन पाण्डेय, गुलाब चंद पाल, मैयादीन कुशवाहा, सुनील मिश्रा, बजरंगी कचेर, भालेन्द्र गर्ग, कृष्ण बिहारी पाण्डेय, रमेश तिवारी, हीरामन पटेल, रामभान सिंह, अभय पटेल, पुष्पेन्द्र सिंह, विष्णु प्रताप सिंह , शिवकु?मार दाहिया, के. के. गौतम, पन्नालाल सिंह, इन्द्रभान सिंह राजा, सचिन त्रिपाठी, शिवम् बड़गाईया, शिवम् यादव, पप्पू जयसवाल, दयानिधान चतुर्वेदी, पप्पू सिंह, शिवम पांडेय समेत काफी संख्या में भा.ज.पा. के पदाधिकारी, क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि व सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

एक राष्ट्र एक चुनाव, विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए आवश्यक : डॉ नंदिता पाठक

श्री रामाकृष्णा कालेज में आयोजित हुआ छात्र संवाद

नवभारत न्यूज

सतना 3 नवंबर, आज स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन सतना द्वारा करही स्थित श्री रामाकृष्णा कालेज में एक राष्ट्र - एक चुनाव पर चर्चा हेतु छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नन्दिता पाठक व अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय , स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक सूर्यान्शु प्रताप सिंह एवं जिला सह संयोजक आशीष बागरी, सुश्री प्रियांशा उरमलिया उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। दीप प्रज्जवलन के पश्चात अतिथियों का परिचय व शाल, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

स्वागत भाषण में जिला संयोजक सूर्यान्शु प्रताप सिंह ने सभागार में उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापक गण, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं समस्त छात्र शक्ति का स्वागत व अभिनंदन किया। इसके पश्चात् भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पाण्डेय ने अध्यक्षता भाषण में एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व व बार बार होने वाले चुनावों के नुकसान पर चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व वक्ता डॉ नंदिता पाठक ने एक राष्ट्र - एक चुनाव के लाभों और इसके क्रियान्वयन के बारे में चर्चा व संवाद करते हुए कहा कि स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन अभियान देश भर में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं और छात्रों को एक राष्ट्र - एक चुनाव के महत्व के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक वंदे मातरम गायन के पश्चात किया गया। कार्यक्रम में आभार जिला सह संयोजक आशीष बागरी एवं संचालन हर्ष त्रिपाठी द्वारा किया गया।

सतना - कोटर सड़क पर पैच वर्क के नाम पर बंदरबांट

नवभारत न्यूज

कोटर 3 नवंबर, लोकनिर्माण विभाग उप संभाग की कोटर से सतना जर्जर सड़क के कारण सरकार की हो रही किरकिरी हो रही है। लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पैच मरम्मत के नाम पर राशि का बंदरबांट कर रहे हैं।

सतना से कोटर तक सड़क की एक पट्टी पर पैच मरम्मत कर लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने खानापूर्ति कर लिया है, एक तरफ़ सड़क की पटरी पर डामर का पैच मरम्मत होने से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। सतना आने एवं जाने वाले वाहन चालक सड़क की पैच मरम्मत वाली पट्टी , पर नहीं उतरना चाहते ,जहां सड़क दुघर्टना की आशंका है तो दूसरी ओर विवादित स्थिति बनती है, खराब सड़क के कारण 20 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लगता है, सड़क का निर्माण एवं पैच मरम्मत का कार्य ठीक ढंग से न होने से आमजन में आक्रोश पनप रहा है।

सड़क हादसे में एक की मौत

सड़क हादसे में सुमेदा (चोरहटा) निवासी तेजभान मिश्रा की मौत हो गई। घटना सतना जिले के कोटर थाना क्षेत्र के देवरा नहर के पास की है।

खेत में एक साथ 200 प्रकार की धानों को देख अचंभित हुए बच्चे

कृषि यंत्रों के संग्रहालय ,परंपरागत बीज बैंक का नवोदय स्कूल मऊ शहडोल के छात्रों ने किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

सतना 3 नवंबर,जिले के पिथौराबाद गांव में पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा विकसित किए गए कृषि आश्रित समाज के भूले विसरे उपकरणों का संग्रहालय,परम्परागत बीज बैंक एवं खेत में लगी 200 प्रकार की धानों का अवलोकन करने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ शहडोल के 90 छात्र छात्राएं पहुंचे ,

इस दौरान पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने छात्रों को कृषि यंत्रों,परंपरागत अनाजों और जैविक खेती की उपयोगिता रासायनिक के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

छात्रों के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्य उमा पी राउत, शिक्षक एन एस बघेल,सुरजीत मोडल,लाल रतन, पनिक्षा मिश्रा,अभिमन्यु दहायत,वरिष्ठ पत्रकार सुरेश दाहिया शामिल रहे।

श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य समाज की नई कार्यकारिणी गठित

नवभारत न्यूज

सतना 3 नवंबर, विगत दिवस श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य समाज सतना इकाई की बैठक रामचंद्र गुप्ता कश्मीरी (पूर्व अध्यक्ष) की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

विशिष्ट अतिथि के रूप में रामचंद्र गुप्ता (राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष) रहे । नई कार्यकारिणी के गठन हेतु वरिष्ठ संरक्षक कैलाश चंद्र गुप्ता के द्वारा प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार कर वर्तमान कमेटी भंग की गई नई कार्यकारिणी के गठन हेतु ईश्वर चंद्र गुप्ता (पूर्व अध्यक्ष) पूर्व अध्यक्ष (मुख्य चुनाव अधिकारी) एवं तुलसीदास गुप्ता (संरक्षक) को (सहायक चुनाव अधिकारी) नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारियों द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराई गई । उपस्थित सामाजिक बंधुओं महिलाओं द्वारा निर्णय लिया गया कि वर्तमान कार्यकारिणी के सफल कार्यकाल को दृष्टिगत रखते हुए 3 वर्ष हेतु पुन: कार्यकाल बढ़ाया जाए सर्वसम्मत से शिव मंगल गुप्ता अध्यक्ष, द्वारका प्रसाद गुप्ता महामंत्री एवं प्रकाश चंद्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया सभी सामाजिक बंधुओं एवं महिलाओं ने मनोनीत पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किया जिसमें श्री कृष्ण गुप्ता गोपाल भैया, बलराम दास गुप्ता,विनय कुमार गुप्ता, अनुराग गुप्ता, राम लखन गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, सतीश गुप्ता ,मनीष गुप्ता ,रामेश्वर गुप्ता ,सुनील कुमार गुप्ता, गंगा प्रसाद गुप्ता, श्रीमती कुसुम गुप्ता ,कीर्ति गुप्ता, नयनतारा गुप्ता ,सोनाली गुप्ता, पूजा गुप्ता ,अनीता गुप्ता आदि उपस्थित रही। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हरिओम गुप्ता द्वारा दी गई।

नहर की जर्जर पुलिया में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में

नवभारत न्यूज

मुकुन्दपुर 3 नवंबर, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर से वाया धोबहट - गोबिंदगढ़ मार्ग में ग्राम पंचायत धोबहट से होकर बड़ी नहर सिंचाई विभाग की बनी हुई है।

इसी पुलिया पर से होकर छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं जबकि जर्जर पुलिया का पिलर भरभरा कर गिर रहा है किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है। सिंचाई विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारी कुम्भकरणी नींद में सो रहे हैं। ऐसे में क्या बड़ी घटना के इंतजार में हैं जब घटना घट जायेगी लोगों की मौतें हो जायेगी तब क्या नींद खुलेगी।

बरहना देवी मंदिर के दानपेटी का ताला तोड़ कर चोरी

नवभारत न्यूज

कोठी 3 नवंबर, इस समय कोठी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं और एक के बाद एक लगातार चोरी हो रही हैं। पुलिस अभी तक चोरियों का खुलासा करने में असफल रही है ।

कोठी थाना के पश्चिमी क्षेत्र बरहना सहित आसपास के गांवों में पिछले कई महीनो से चोरी की घटनाएं हो रही हैं और एक के बाद एक कई मोटर चोरी हो चुकी है जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है इसके बाद अब चोरों ने मंदिर को भी निशाना बनाया है गांव के निमूंहा टोला तालाब स्थित देवी मंदिर में भी चोरों ने धाबा बोला और वहां पर रखी दान पेटी का ताला तोड़कर द रकम ले उड़े हैं इसकी शिकायत गांव के सरपंच ईश्वर दीन चौधरी ने पंचनामा सहित कोठी थाना में दर्ज कराई है जिसकी जांच कोठी पुलिस कर रही है ईश्वर दीन चौधरी ने बताया कि गांव के देवी मंदिर में दो दान पेटी रखी थी 30 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे जानकारी प्राप्त हुई की अज्ञात लोगों द्वारा मंदिर में चोरी हो गई है और एक दान पेटी का ताला तोड़कर उसके अंदर की राशि गायब कर दी गई है।

बरहना में 108 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी शुरु

कोठी । 23 नवंबर को भगवान श्री सत्य साईं बाबा के 100 वें अवतरण दिवस पर ग्राम पंचायत बरहना में 108 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्री सत्य साईं सेवा समिति बरहना किया जाएगा जिसकी तैयारी समिति द्वारा अभी से की जाने लगी हैं आयोजन में ग्राम सहित आसपास के भक्तजन शामिल होंगे उक्त जानकारी श्री सत्य साईं सेवा समिति के सदस्य विजय राज सिंह ने दी।

शासकीय महाविद्यालय मझगवां में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

नवभारत न्यूज

मझगवां 3 नवंबर,मध्य प्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय मझगवां में एक उत्साहपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया।

राज्य के गठन की स्मृति में हर वर्ष मनाए जाने वाले इस दिवस पर महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शैल कुमारी अहिरवार ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अखिलेश जगरे कृषि वैज्ञानिक, डॉ संत कुमार त्रिपाठी और डॉ पंकज जी कृषि वैज्ञानिक मझगवां, प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार, कार्यक्रम संयोजक डॉ. चंद्रप्रभा पांडे, अमित कुमार कश्यप, डॉ. साधना शर्मा, डॉ. राखी सिंह सोलंकी, डॉ. निशा तिवारी ,डॉ हामिद अली तथा कार्यालय स्टाफ योगेश्वर द्विवेदी, मनोज सेन एवं विकास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर हामिद अली क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा किया गया। समारोह में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के इतिहास, संस्कृति, भूगोल एवं विकास से संबंधित प्रश्न पूछे गए। परिणाम इस प्रकार रहे। जिसमें प्रथम स्थान- खुशी मिश्रा (बीए तृतीय वर्ष),द्वितीय स्थान- प्रीतू पांडे (बीए चतुर्थ वर्ष) तृतीय स्थान- प्रतिमा सतनामी (बीए प्रथम वर्ष) चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं ने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहर एवं सांस्कृतिक प्रतीकों को रंगों में उकेरा। इसमें आंचल वर्मा एवं पिंकी प्रजापति ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्राचार्य श्रीमती शैल कुमारी अहिरवार ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा, "मध्य प्रदेश की स्थापना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। हमें अपनी विरासत पर गर्व है और भावी पीढ़ी को इसे संजोकर आगे बढ़ाना होगा।" कार्यक्रम का समापन मध्य प्रदेश गान एवं राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ, जिसमें सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन छात्रों में राज्य के प्रति गौरव भावना जागृत करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक एवं बौद्धिक क्षमताओं को निखारने में सफल रहा।

बीच सड़क में रोज सुरसा की तरह बड़ा हो रहा गड्ढा

▶ किसी भी दिन धंस सकती है पीडब्ल्यूडी की सड़क

नवभारत न्यूज

रामनगर 3 नवंबर, रामनगर वार्ड नम्बर सात स्थित संस्कार वैली विद्यालय के सामने की पीडब्ल्यूडी की मुख्य स?क धंसने की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है।

यहां बन गया गड्ढा दिन प्रतिदिन सुरसा की तरह बड़ा हो रहा है, जबकि स?क से बराबर आवागमन जारी है,कभी - कभार कोई दो-पहिया या सायकल, धारक ध्यान भंग होने पर गच्चा खा जाता है, विद्यालय के भी व अन्य छोटे - बड़े लोडर वाहनों, का आवागमन लगातार होता रहता है वहीं

स्कूली छात्रों/छात्राओं, मुहल्ले वासियों का पैदल आना - जाना भी लगा रहता है रात के वक्त कोई न कोई उस गड्ढे का शिकार हो ही जाता है भले ही चोट चपेट कम लगती हो अलग बात है, कभी - कभार नगर के जिम्मेवार व जबाबदार भी उसी मार्ग से गुजरते है वहीं प्रभावित आम जन जान बची लाखो पाए की तर्ज में, मल्हम पट्टी प्राथमिक चिकित्सा में व्यस्त हो जाते है, वार्ड की पार्षद जी भी वहीं रहती हैं, अब यह बात अलग है कि जब सड़क ज्यादा धंस जाएगी, गड्ढा बड़ा हो जाएगा, शहरी क्षेत्र रामनगर में कोई गम्भीर हादसा हो जाएगा, तब प्रशासन की निद्रा टूटेगी और मान्यनीयो द्वारा पुल्टिस लगाकर कोरम पूरा किया जाएगा ।

अधिकारी नहीं उठाते फोन

आज 10 .43 बजे सुबह पीडब्ल्यूडी के उपयंती एन .के . सिंह को 8305906028 पर फोन लगाया गया रिंग पूरी गई पर फोन नहीं उठा, पता चला है कि ये फील्ड में भ्रमण नहीं करते ना मुख्यालय में रहते,कभी कभार आते हैं।

पत्रकार अमरीष सिंह को मातृशोक

नागौद 3 नवंबर, अकौना निवासी पत्रकार अमरीष सिंह की माताजी श्रीमती गीता सिंह धर्म पत्नी राजेंद्र सिंह का सोमवार को स्वर्गवास हो गया है । उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में मंगलवार को किया जाएगा उनके निधन पर पत्रकार प्रशांत सिंह, श्रीपाल जैन, इंद्रजीत गर्ग ,दीपक वर्मा ,सतीश सोनी, शुभम शुक्ला ,प्रशांत सोनी ,प्रशांत उपाध्याय ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

मध्य प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना होगी प्राथमिकता : डॉ .नंदिता पाठक

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 3 नवम्बर, मध्य प्रदेश भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंची समाजसेविका डॉ नंदिता पाठक ने भगवान श्री कामतानाथ जी के दर्शन पूजन कर देश की सुख समृद्धि की कामना की।

इस दौरान चित्रकूट के कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत डॉ मदन गोपाल दास महाराज के नेतृत्व में सनकादिक महाराज,ओंकारदास महाराज आदि संतो और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी की नवनियुक्त उपरदेश उपाध्यक्ष डॉ नंदिता पाठक ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित राष्ट्र ऋषि नाना जी देशमुख के सानिध्य में चित्रकूट से उनके सामाजिक जीवन की शुरुवात हुई है। उन्होंने बीजेपी केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व को बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए आभार जताते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के साथ साथ सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचा कर पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय का सपना साकार करना उनकी प्राथमिकता होगी।

कोठी पुलिस ने 5 जुआंरियों से 23 हजार रुपए जप्त किये

कोठी 3 नवंबर, कोठी थाना का प्रभारी ट्रेनी डीएसपी आशुतोष त्यागी जुआं खेल रहे पांच लोगों को पकड़कर 23000 जप्त किए हैं और जुआं एक्ट की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी आशुतोष त्यागी ने बताया कि मुखबिर सूचना पर पुलिस बल के साथ गस्त के दौरान कोठी के पुराने थाना परिसर के पास तालाब रोड में रात करीब 1-30 बजे 5 लोगों को जुआं खेलते पाया गया उनके पास से ताश के पत्ते और 23 हजार रुपए जप्त किए गए । जुआं खेल रहे किशन सोनी, किशन कचेर, हिमांशु प्रजापति, संपूर्णानंद शर्मा एवं नरेश प्रजापति को पकड़कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी डीएसपी आशुतोष त्यागी ने बताया कि अपराध के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी ।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष पर ग्राम बांका में होगी प्रतिमा स्थापित

मध्यप्रदेश के राज्यपाल और केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री करेंगे प्रतिमा का अनावरण

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 3 नवंबर, दीनदयाल शोध संस्थान ने 1 से 15 नवंबर 2025 तक 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' शुरू किया है। 15 नवंबर 1875 को उलीहातु (झारखंड) में जन्मे भगवान बिरसा का यह 150वां जन्म वर्ष है।

भगवान बिरसा मुंडा के अद्वितीय बलिदान और जनजातीय समाज में उनके योगदान को याद करते हुए दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को समर्पित होगा। इसके अन्तर्गत बड़ा और वृहद आयोजन 18 नबम्बर को मझगवां जनपद के जनजातीय बाहल्य ग्राम बांका में सम्पन्न होगा, जहाँ भगवान बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल एवं भारत सरकार के जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन को भव्य और गरिमापूर्ण बनाने के लिए दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा ग्रामीण केन्द्रों पर लोगों से बातचीत और बैठकों का सिलसिला निरंतर जारी है। सरभंग मुनि आश्रम पर आयोजित बैठक में दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने सभी लोगों के समक्ष कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना एवं रूपरेखा का प्रस्तुतिकरण कर कार्यक्रम को और बेहतर बनाने हेतु सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि नाना जी कहते थे कि जनता की पहल और पुरुषार्थ एवं सहभागिता से किये गए कार्य स्थाई होते हैं। श्री महाजन ने कहा कि प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम जन भागीदारी से किया जा रहा है, यह कार्यक्रम सामूहिक प्रयत्न का परिणाम है सभी इसमें सहभागी बन रहे हैं। महापुरुषों को हम जाति, वर्ग, सम्प्रदाय में विभक्त न करें क्योंकि उन्होंने देश और भारतमाता के प्रति अपना सर्वस्व निछावर किया है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से भगवान् बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा अनावरण का गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न किया जाएगा। ताकि जनजातीय क्षेत्र में बेहतरी का वातावरण बनें। वे सभी समाज की मुख्य धारा से जुड़ें, सभी उनके प्रति सभी श्रद्धा का भाव रखें। जनता की सहभागिता एवं उनके सहयोग से ही इस कार्यक्रम को स्थायी व अविस्मरणीय बनाया जा सकता है। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा अपने सभी प्रकल्पों एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से बिरसा मुंडा जी के जीवन दर्शन पर आधारित साहित्य के माध्यम से संपूर्ण ग्रामीण अंचल मझगवां विकासखंड, जिले के अन्य नगर केंद्र, ग्राम केंद्र एवं समीपस्थ जिलों में कार्यक्रम के निमित्त भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम की जानकारी प्रचार प्रसार, बैठक संगोष्ठी एवं अन्य गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।